

### मेन रोड जन्माष्टमी महोत्सव में बाल रूप में पधारे लड्डू गोपाल ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

# समुद्र मंथन, राफेल के विमान संग ऑपरेशन सिंदूर की झांकियों ने श्रद्धालुओं को लुभाया

## आज शाम दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे

**शुभम संदेश। रांची**

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के तत्वाधान में अल्बर्ट एक्का चौक,मेन रोड में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शाम चार बजे श्री गणेश स्तुति के साथ प्रारंभ हुआ. श्री कृष्ण की बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में 150 से ज्यादा बच्चों,बच्चियों ने हिस्सा लेकर लोगों का मन मोहा. प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित की गई थी.प्रथम ग्रुप में 06 महीने से 6 वर्ष तक के करीब 70 बच्चों ने हिस्सा लिया, वहीं दूसरे ग्रुप में 7 से 10 साल तक के 80 बच्चों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बालकृष्ण के रूप और फैंसी ड्रेस के साथ हिस्सा लिया. रंग बिरंगी ड्रेस, हाथ में बांसुरी, पांव में घुंघरू, हाथों में कड़े, गले में सुंदर सी माला. श्रीकृष्ण के बाल रूप में बच्चों की झलक लोगों का मनमोह रही थी. ऐसा लगा, वृंदावन से कन्हैया स्वयं बाल रूप में माखन खाने पहुंच चुके हैं. शाम पांच बजे झांकी प्रतियोगिता का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य संरक्षक संजय सेठ, संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित विशिष्ट लोगों ने किया. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देशवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं. दर्शकों ने भव्य नृत्य प्रस्तुति के साथ बाल लीलाओं के भावपूर्ण मनोरम दर्शन का आनंद लिया. भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति ने हमारे वीर जवानों की याद दिला दी. रविवार को दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे.








## प्रयागराज के संगम के विहंगम दृश्य की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया



सायं 5 बजे दीप प्रज्वलित करने के साथ समुद्र मंथन से निकले अमृत के साथ महाकुंभ के प्रयागराज के संगम का बिहंगम दृश्य की झांकी साथ ही राफेल के विमान के संग ऑपरेशन सिंदूर की झांकी ने लोगों को लुभाया. झांकियों का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया.



## प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया

6 महीने से 6 वर्ष तक ( ग्रुप ए) के बच्चों में अभिराज को प्रथम, वेदार्थ को द्वितीय पुरस्कार दिया गया.बी 68 के अभिराज को स्पेशल पुरस्कार दिया गया.7 साल से 10 साल (ग्रुप बी)तक के बच्चों में प्रथम पुरस्कार बी- 47 कन्हैया दूसरा बी 66 श्रयंस राज के बीच वितरित किया गया. सभी बच्चों को मोमेंटो समिति की ओर से समिति सदस्यों ने देकर उनका स्वागत किया गया. इसके अलावा सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया.इस अवसर पर कन्हैया इवेंट सहित कोलकाता और जमशेदपुर के 65 से भी ज्यादा कलाकारों की भव्य नृत्य की प्रस्तुति का लोगों ने आनंद उठाया.

## मोटे अनाज सहित माखन-मिश्री, पंजीरी, फल, रबड़ी और खाजा का भोग लगाया



नंद के आनद भयो, जय कन्हैया लाल की के भजनों से आयोजन में मौजूद सभी लोग झूम उठे. भक्ति मय श्री कृष्ण मय हुआ आयोजन स्थल. मंच से माखन चोर लीला, काली की झांकी, राधा-कृष्ण युगल प्रेम झांकी, सुदामा चरित्र का वर्णन, नरसिंग अवतार, मोर नृत्य, शिव विवाह की प्रस्तुति, भगवान शिव काली तांडव, राधा कृष्ण डांस के माध्यम से भगत के वश में भगवान नृत्य नाट्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोहा. साथ ही भक्ति गीत, देश रंगीला रंगीला,देश मेरा रंगीला वंदेमातरम द्वारा छोटी-छोटी बच्चियों ने अपनी नृत्य प्रस्तुति रखी. सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण को मोटे अनाज सहित माखन-मिश्री,पंजीरी, फल, रबड़ी ,खाजा का भी भोग लगाया गया, जिसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया.

**आयोजन को सफल बनाने में इनकी रही भागीदारी :** मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता के आयोजन में पूनम आनंद, कुमुद झा, राजश्री जयंती,नीलम चौधरी,नीतू सिंह सहित समिति की महिलाओं ने योगदान दिया. इसके अलावा मौके पर जवाहर तनेजा,कुणाल आजमानी , रविन्द्र मोदी,रमेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष राम बांगड़, पवन बजाज,संजय जायसवाल,प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, राज वर्मा,ललन श्रीवास्तव,मनोज तिवारी,भीषम सिंह, नीरज कुमार,नीरज चौधरी, सतीश सिंहा, सतेंद्र सिंह गुड्डू ,राजीव सहाय,शंकर दुबे, विपिन वर्मा,मनोज कुमार ,आनंद श्रीवास्तव ,संजय सिंह लल्लू ,संतोष सेठ,रामशंकर बगड़िया,जुगल दरगढ़ ,कवल जीत सिंह सटी, ,अजय वर्मा,,अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, ललित ओझा, अमित चौधरी,विजय ओझा, संजय गोयल ,विपिन वर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, प्रज्ञा मनीष, रतन अग्रवाल सहित काफी संख्या में मौजूद सदस्यों का भी योगदान रहा. अध्यक्ष मुकेश काबरा, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार ने रांची के समस्त कृष्ण प्रेमियों से नमो दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में सपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया है.

## महावीर आई अस्पताल में एक दिन में 22 लोगों की अंखों का निः शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

**शुभम संदेश। रांची।**

भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रीसर्च सेंटर संस्थान के अंतर्गत संचालित भगवान महावीर आई अस्पताल रांची में शनिवार को 22 लोगों की आंखों की मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया. सभी मरीजों को बेरमो में आयोजित शिविर में चिह्नित किया गया था. इस अस्पताल में ढाई वर्ष में दो हज़ार से अधिक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा की जा चुकी है. इन लोगों तक यह सुविधा पहुंचाने में अध्यक्ष संतोष जैन, कमल जैन, पंकज सेठी एवं हरीश दोषी का विशेष सहयोग रहा. भगवान महावीर अस्पताल संस्थान अपने आई एंबुलेंस के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन करती है. भगवान महावीर मनिपाल अस्पताल रांची की बिल्डिंग का स्वामित्व रखने वाले भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रीसर्च सेंटर संस्थान के अध्यक्ष संतोष जैन पाटनी, सचिव पंकज सेठी, उपाध्यक्ष गोविंद सरावगी एवं कमल विनायक्या, पूर्व अध्यक्ष पूरणमल जैन, सह सचिव रोहित जैन एवं अमित जैन कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन है. यह जानकारी पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया प्रभारी पौरुष जैन ने दी.महावीर आई अस्पताल के चिकित्सक डॉ मयूरी भट्टाचार्य, डॉ वर्तिका गुप्ता एवं शिवानंद प्रसाद का चिकित्सा प्रक्रिया में योगदान रहा.



## प्राचीन फूल बाबा आश्रम में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण, लड्डू वितरण और भव्य आयोजन

**रांची।** भारत माता की जय और बजरंगबली के जयकारों के बीच बड़ा तालाब के निकट स्थित प्राचीन फूल बाबा आश्रम में फूल बाबा ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट के पूर्व सचिव विश्वनाथ नरसारिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर व तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई.अपने संबोधन में नरसारिया ने बताया कि ट्रस्ट शीघ्र ही एक एकड़ में फैले ट्रस्ट के भूखंड का विकास करेगा.



ट्रस्टी अरुण कुमार बुधिया ने स्वतंत्र भारत की वर्तमान स्थिति पर विचार रखे. मौके पर हनुमान जी महाराज को लड्डू का भोग अर्पित किया गया और सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाया. इसके बाद बच्चों को लड्डू और ट्रॉफी वितरित की गई. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए.मौके पर रमाशंकर बगड़िया, अधिवक्ता श्याम नरसारिया, अंकित सिंह, अर्णव पांडे और रौनक पोद्दार भी उपस्थित रहे.

**पत्राचार** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को लिखा पत्र

# विभिन्न बैंकों में जमा की गई राशियों को अविलंब राज्य की समेकित निधि में जमा कराया जाएः सरयू राय

**शुभम संदेश। रांची/ जमशेदपुर**

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने प्रदेश के वित्त मंत्री को पत्र लिख कर विभिन्न बैंकों में विभागों, प्रमंडलों एवं जिलों द्वारा जमा की गई राशियों को अविलंब राज्य की समेकित निधि में जमा कराने का आग्रह किया है. वित्त मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि अव्यवहृत राशि को वापस समेकित निधि में जमा करना आवश्यक है. इतना ही नहीं, इन राशियों के मद में बैंक खातों में उपार्जित ब्याज के राशि को भी वापस समेकित निधि में जमा किया जाना है. इस मामले को लेकर राज्य के प्रधान महालेखाकार का स्पष्ट निर्देश भी है. ऐसा नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन के विरुद्ध है.



राय के अनुसार, राज्य में विभिन्न विभागों, प्रमंडलों एवं जिलों में, खास कर कार्य विभागों में खर्च नहीं हो सकी राशि के आंकड़े सिविल डिपोजिट, पीएल खाता एवं लोकलेखा के विभिन्न शीर्षों में स्पष्ट रुप से परिलक्षित हो रहे हैं. वित्त विभाग ने पत्रांक 492, दिनांक 24-12-2014 द्वारा बैंकों में रक्षित एवं अव्यवहृत राशि को संबंधित विभाग के राजस्व शीर्ष के मुख्य शीर्ष, उप मुख्य शीर्ष, लघु शीर्ष की जो निधि खर्च नहीं हो सकी और बैंकों में रखी गई है, उसे समेकित निधि में जमा करने का पत्र निर्गत किया गया था.

श्री राय ने आगे लिखा कि इस पत्र से स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि जो राशि बैंकों से निकाल कर समेकित निधि में जमा की जा रही है, वह राशि स्थापना व्यय की है या राज्य योजना, केंद्रीय योजना एवं केंद्र प्रायोजित योजना के राज्यांश की है या केंद्रांश की राशि है? उन्होंने लिखाः विगत 09-07-2020 तता दिनांक 11-02-2022 को प्रधान महालेखाकार, झारखंड ने इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है. तदुपरांत राज्य सरकार के वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय के बीच में विचार-विमर्श हुआ और बैंकों में पड़ी हुई अव्यवहृत राशि को राजकोष में जमा करने की स्पष्ट व्यवस्था की गई. तदनुसार, व्यवस्था बनाई गई कि बैंक खातों में जमा राजस्व मद की राशि अथवा अवशेष राशि जहां से यह राशि प्राप्त हुई है, उस विभाग का नाम एवं शीर्ष के अनुसार यह राशि समेकित निधि में जमा की जाएगी.

श्री राय ने पत्र में लिखा कि इसमें स्थापना मद की राशि राज्य योजना मद की राशि, केंद्रीय क्षेत्र योजना मद की राशि तथा केंद्र प्रायोजित योजना राशि का राज्यांश और केंद्रांश मदों में यदि अधिक या अनपेक्षित निकासी की गई है अथवा निकासी के बाद जो राशि खर्च नहीं हो पाई है, उनको इन्हीं शीर्षों के उप शीर्षों के अनुसार समेकित निधि में जमा किया जाना है. इसी तरह पूंजीगत व्यय शीर्ष के अंतर्गत भी स्थापना मद, राज्य योजना मद, केंद्र योजना मद और केंद्र प्रायोजित योजना मद के राज्यांश एवं केंद्रांश को भी पूंजीगत लेखों पर प्राप्तियों तथा वसूलियों के उप शीर्ष में समेकित निधि में जमा किया जाएगा.

श्री राय के पत्र के अनुसार, यदि बैंक खातों में जमा पड़ी राशि किस विभाग की है, यह जानकारी तो है परंतु निकासी शीर्ष की जानकारी नहीं है तो उसे संबंधित विभागों के राजस्व व्यय के मुख्य शीर्ष एवं उप मुख्य शीर्ष में वापस किया जाएगा. यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई कि बैंक खातों में जमा राशि किस विभाग की है और किस शीर्ष की है, इन दोनों की जानकारी नहीं है तो विभिन्न विभागों की ऐसी राशियों को मुख्य शीर्ष विविध सामान्य सेवाएं एवं उप मुख्य शीर्ष तथा लघु शीर्ष की अधिक अदायगियों की वसूलियां शीर्ष में ऐसी राशियों को समेकित निधि में जमा किया जाएगा.

सरयू राय ने पत्र में लिखा कि महालेखाकार और राज्य सरकार के बीच हुए विचार-विमर्श में यह निर्णय भी लिया गया कि विभिन्न विभागों के द्वारा बैंक खातों में जमा राशियों के विरुद्ध उपार्जिंज व्यय को ब्याज को भी समेकित निधि के मुख्य शीर्ष, ब्याज प्राप्तियां, उप मुख्य शीर्ष राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की ब्याज एवं लघु शीर्ष अव्यतित शेष पर गारंटियों से ब्याज एवं अन्य आय तथा उपशीर्ष बैंक खातों में उपार्जित ब्याज में जमा किया जाएगा.

## गुरुजी को भारत रत्न दिलाने नेमरा से रांची पैदल यात्रा करेगी राष्ट्रीय युवा शक्ति, राज्यपाल को सौंपेगी ज्ञापन

**शुभम संदेश। रांची**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर अमर शहीद जयप्रकाश उरांव की पत्नी के हाथों राष्ट्रीय युवा शक्ति ने ध्वजारोहण कराया. मौके पर राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न का हकदार बताया और भारत सरकार से उन्हें यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने की मांग की. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय युवा शक्ति गुरुजी के पैतृक आवास नेमरा से पवित्र माटी लेकर पैदल रांची आएगी और राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौपेगी, ताकि गुरुजी को जल्द से जल्द भारत रत्न सम्मान मिल सके. उन्होंने आगे बताया कि रांची के दर्जनों चौक-चौराहों पर गुरुजी को भारत रत्न देने की मांग को लेकर बैनर और कट-आउट लगाए गए हैं. ऐसे में कई लोगों ने गुरु जी को भारत रत्न देने का समर्थन भी किया.

## पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर की दीवार पर चढ़ा रांची का युवक पुलिस हिरासत में, मानसिक स्थिति संदिग्ध

**रांची।** पुरी (ओडिशा) स्थित विश्वप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में सुरक्षा से जुड़ी एक गंभीर घटना सामने आई है. झारखंड की राजधानी रांची के रहनेवाले युवक पंचम महतो को मंदिर की दीवार पर चढ़ते हुए पकड़ा गया. बताया जा रहा है कि वह मंदिर के दक्षिणी हिस्से में लगभग 5 से 7 फीट ऊपर तक चढ़ चुका था, जब सुरक्षा कर्मियों ने उसे हिरासत में लिया. फिलहाल वह सिंहद्वार पुलिस थाने में है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है. शुरुआती जांच में उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही है. इस घटना से कुछ दिन पहले भी मंदिर परिसर में सुरक्षा को लेकर सवाल उठे थे, जब एक अन्य व्यक्ति ने दीवारों पर धमकी भरे संदेश लिख दिए थे.

### वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण, कहा

# मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं के हालात बदले



शुभम संदेश। पलामू

79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित पुलिस स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया गया. समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ध्वजारोहण किया. इससे पूर्व उन्होंने पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के साथ सलामी गारड के परेड का निरीक्षण किया. मौके पर उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा राज्य में लागू मंईयां सम्मान योजना को लेकर कई तरह की राजनीतिक बात उठी थी, लेकिन मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं के हालात बदले हैं और महिलाएं अब स्वावलंबन के तरफ आगे बढ़ रही हैं. पलामू में कुपोषण मिटाना और बारिश के पानी को बचाना बड़ी चुनौती रही है. राज्य की सरकार कई बिंदुओं पर कार्य कर रही है. उन्होंने शहरी सौंदर्यीकरण पर कहा कि पुलिस लाइन को शहर के बाहर स्थानांतरित करने पर गंभीरता से विचार की जरूरत है. वहीं, खास महाल लीज नवीकरण तथा पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित किए जाने की बात कही. उन्होंने कहा कि केवल पलामू में अतिवृष्टि के कारण 65 हजार हेक्टेयर में मक्का, अरहर, तिल, उड़द, मूगफली और अन्य फसल नहीं लगाई गई है. झारखंड विधानसभा पूरक सत्र के दौरान अतिवृष्टि से हुए नुकसान पर विधानसभा में दो घंटे की विशेष चर्चा होगी. समारोह के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री श्री किशोर ने कहा कि पलामू में मानसून के दौरान करीब 1500 मिलीमीटर बारिश होती है. अब तक 715 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है. मामले में उन्होंने खुद सीएम से बात की है और उन्होंने कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान दो घंटे तक इस पर विशेष चर्चा होगी. उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में भी वित्तीय प्रबंधन को कुशलता से आगे बढ़ा रहे हैं झारखंड का राजस्व बढ़ रहा है. केंद्रीय राशि और टैक्स की राशि समय पर मिलने की उम्मीद है.

वित्त मंत्री श्री किशोर ने पलामू के स्वाधीनता सेनानियों वीर यदुवंश सहाय, अमिय कुमार घोष, गणेश प्रसाद वर्मा, जीतू राम, पूरनचंद, राजेश्वरी सरोज दास, जगनारायण पाठक, भुनेश्वर चौबे, राजकिशोर सिंह आदि को नमन किया. मुख्य समारोह में पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, डीडीसी जावेद हुसैन, एएसपी अभियान राकेश सिंह आदि मौजूद थे. 79वें स्वतंत्रता दिवस पर डीसी-एसपी ने समाहरणालय परिसर, बंदोबस्त कार्यालय, पलामू क्लब और रेड क्रॉस भवन में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी.

### मुख्य कार्यक्रम में कई लोग किए गए सम्मानित

पलामू। पुलिस स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मैट्रिक व इंटर परीक्षा के टापर समेत कई लोग सम्मानित किए गए. सम्मानित होनेवालों में स्वतंत्रता सेनानी स्व0 नन्दलाल प्रसाद के आश्रित हमीदगंज निवासी सुमित्रा देवी, स्व0 मालदेव महतो के आश्रित लेस्लीगंज के दारूडीह निवासी सकुन्ती देवी व स्व. हरिवंश महतो अशोकमती देवी, मुंदरिया निवासी रामलखन सिंह के आश्रित नागवंशी देवी, जामुनडीह निवासी स्व0 मदन कुमार चौबे के आश्रित कवलपति देवी तथा झारखण्ड अलग राज्य गठन के अधिसूचित आंदोलनकारियों में उंटारी रोड के सतबहिनी निवासी महेन्द्रनाथ शर्मा, पिता स्व. जग्रनाथ शर्मा, रेहला के डंडीलाकला निवासी मो. हारूण, पिता मो. नाजिर अंसारी व गोरदमा कला निवासी संजय महतो पिता राजनाथ महतो तथा डिहरिया निवासी साबिर अंसारी पिता- समसुद्दीन अंसारी शामिल हैं. मैट्रिक परीक्षा टापर लामीपतरा उच्च विद्यालय के आशुतोष कुमार रंजन व जेकेवी उच्च विद्यालय डालटनगंज के रेड़मा निवासी राशि कुमारी, इंटर टापर विज्ञान में पाटन कुंअरबांध स्थित बीएस इंटर कालेज के रिशभ कुमार, वाणिज्य में कल्याण प्लस टू उवि पांडू के तौकिर अंसारी तथा इंटर कला में गिरिवर इण्टर कॉलेज डालटनगंज की राज नेहा चौबे शामिल हैं. इसी तरह बेहतर कार्य के लिए चैनपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चमन कुमार भारद्वाज, अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर के उपाधीक्षक डा. राजेश अग्रवाल, सदर अस्पताल के आयुष्मान मित्र रंजन सिंह, नेक (गुड सेमिरटन) व्यक्तियों में छतरपुर निवासी मुकेश कुमार सोनी व पांकी रजहर की सुश्री वंशीका कुमारी शामिल हैं. जेपीएससी में सफल अनुमण्डल कार्यालय, सदर मेदिनीनगर में कार्यरत निम्नवर्गीय लिपिक अश्विनी अभिनव व अंचल कार्यालय सदर मेदिनीनगर में कार्यरत राजस्व उप निरीक्षक दीपक पाण्डेय को भी सम्मानित किया गया.

## जिले के विकास में सामूहिक सहयोग आवश्यक: उपायुक्त





शुभम संदेश। लातेहार

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के मुख्य समारोह स्थल जिला खेल स्टेडियम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई. इससे पहले उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया. अपने संबोधन में उपायुक्त ने सभी जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी. उन्होने कहा कि आज हम भारतवासी स्वतंत्रता दिवस समारोह मना रहे है. यह अवसर है उन सभी सुवतंत्रता सेनानियों को याद करने की जिन्होने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया. उन्होने अपने संबोधन में झारखण्ड आंदोलन के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद दिशाम गुरू स्व शिबू सोरेन को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की. उपायुक्त ने आगे कहा कि लातेहार जिला बूढ़ाघाघ जलप्रपात, पर्वतों की रानी नेतरहाट, पुरानी धरोहरों में पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क एवं हरी-भरी वादियों और संगीतमयी झरनों के लिए विख्यात है. यह जिला देश एवं राज्य के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है. लातेहार जिला प्रकृति की गोद में बसा है.

उन्होंने कहा कि लातेहार जिला प्रशासन आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु सतत् प्रयत्नशील है. जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सिंचाई समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है. उन्होने कहा कि जिले के विकास के लिए सामुहिक सहयोग आवश्यक है. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न सरकारी कार्यालयों के अधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया गया. मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समार्हता रामा रविदास, एसडीएम अजय कुमार रजक, डीईओ प्रिंस कुमार, डीएसई गौतम साहू, डीएसओ रश्मि लकड़ा, अलका हेंब्रम, कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, आफताब आलम, पंकज तिवारी आदि मौजूद थे.

### प्रमंडलीय कार्यालय में डीआईजी नौशाद आलम ने किया ध्वजारोहण

पलामू। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र व पुलिस उप महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र के संयुक्त कार्यालय भवन परिसर में डीआईजी नौशाद आलम ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मौके पर पलामू उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, डीडीसी जावेद हुसैन, सदर एसडीओ सुलोचना मीना, प्रमंडलीय जनसंपर्क ईकाई, पलामू के उप निदेशक (क्षेत्र) संजीव कुजूर सहित बड़ी संख्या में पलामू जिला एवं प्रमंडल के प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे.

### बालूमाथ प्रखंड में शान से लहराया गया तिरंगा



बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. स्वतंत्रता दिवस को लेकर कई शिक्षण संस्थानों में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. स्वतंत्रता दिवस को लेकर बालूमाथ एसडीपीओ कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया वहीं दूसरी ओर लोगों द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी स्तंभ में पुष्प अर्पित करते हुए बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया.

### सतबरवा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



सतबरवा (पलामू)। सतबरवा प्रखंड व आसपास के क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया. सुबह विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जो गांव-गांव और गली-गली में घूमकर देशभक्ति का संदेश देती रही. इस अवसर पर कई स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए. बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज सतबरवा में संस्थापक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन रंजना कुमारी, राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू विद्यालय में प्रिंसिपल अविनाश चौधरी ने ध्वजारोहण किया.

### स्वतंत्रता दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



बरवाडीह। लातेहार जिले के बरवाड़ीह प्रखंड मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर कई संस्था द्वारा जगह–जगह पर कई तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान बरवाडीह में संचालित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के द्वारा स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणी के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. लगभग दो दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान के अन्य सभी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर पुलिस पदाधिकारी भरत राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), डायरेक्टर डॉ पवन कुमार, प्रिंसिपल शांतनु डे के हाथों सम्मानित कराया गया.

### स्वतंत्रता दिवस पर बरवाडीह में शान से लहराया तिरंगा



बरवाडीह। आज़ादी का अमृत महापर्व बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में बड़े ही जोश और उमंग के साथ मनाया गया. भारत को आज़ादी मिले 79 वर्ष पूरे हो गए, लेकिन आज भी लोगों के दिलों में 15 अगस्त 1947 की वह सुबह ताज़ा है, जब देशवासियों ने पहली बार गुलामी की जंजीरों को तोड़कर स्वतंत्र भारत का सूर्योदय देखा था. सुबह से ही बरवाडीह की गलियों, चौकों और संस्थानों में तिरंगे की शान देखते ही बन रही थी. छोटे-बड़े, बुजुर्ग, स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि और अधिकारी सभी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए. जगह-जगह लोग तिरंगे को सलामी देते और राष्ट्रगान की धुन पर गर्व से सीना तानकर खड़े दिखाई दिए. वहीं स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, बरवाडीह में झंडोत्तोलन से हुई.

### कीमती साल की लकड़ी के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बरवाडीह (लातेहार)। पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए कीमती साल की लकड़ी की तस्करी कर रहे एक तस्कर को रंगे हाथों पकड़ लिया. इस दौरान तीन अन्य तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए. डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि हाटा पीएफ के डूमरकोना नाका क्षेत्र में लकड़ी की तस्करी की जा रही है. सूचना पर उनके निर्देश पर रेंजर अजय टोप्पो के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया.

## समाज के उत्थान में बड़ी बहन का दायित्व निभाऊंगी: अरुणा शंकर



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा इकाई द्वारा बाईपास रोड स्थित कुशवाहा भवन में आजादी का जश्न मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत आजादी के महोत्सव झंडोतोलन के साथ हुई. सभा की अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष अजीत मेहता ने की. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार मेहता, वीरेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रानो देवी, शकुंतला देवी व गीता मेहता, डॉ श्याम बिहारी महतो, युवा अध्यक्ष रिंकू मेहता, निरंजन मेहता आदि मौजूद थे. प्रथम महापौर शंकर ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया. साथ ही कई मेधावी छात्रों को सम्मानित किया. प्रथम महापौर शंकर ने कहा कि समाज ने मुझे अपनी बहन की तरह प्यार दिया है. मैं हमेशा बड़ी बहन के रूप में समाज के साथ खड़ी रहूंगी और अपना दायित्व निभाऊंगी. प्रथम महापौर ने कहा कुशवाहा समाज जिस तरह कुशवाहा भवन बनाकर युवाओं को भवन में निशुल्क रखते हुए उन्हें शिक्षित करने का काम कर रहा है आने वाले समय में उनका यह कार्य मिल का पत्थर साबित होगा और इस पुनीत कार्य में समाज को मेरी कहीं भी आवश्यकता होगी मैं बड़ी बहन की तरह अपना दायित्व निभाऊंगी.

### पला में मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटी की बैठक

हुसैनाबाद (पलामू)। अनुमंडलीय मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटि की बैठक मंदिर के प्रांगण में हुई. बैठक में पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे. उन्होंने बैठक में मंदिर के रख रखाव व आगामी आने वाले नवरात्र में प्रस्ताव सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर के सभी सदस्य मिल कर आने वाले नवरात्रि पूजा को सफल बनाए. पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जब उनकी जरूरत होगी, मंदिर के लिए वह हमेशा तैयार हैं. मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कार्यकारणी समिति सदस्य राम प्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, वशिष्ठ सिंह उर्फ बबलू सिंह मौजूद थे.

### हाईस्कूल सतबहिनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



उंटारी रोड (पलामू)। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर उच्च विद्यालय सतबहिनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आयोजित कार्यक्रम को पेश किया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं ग्रामीण जनता सहित सभी सम्मानित शिक्षकगण, सरिता कुमारी (प्र.प्र.अध्यापक), राजेश शर्मा, नागेन्द्र राम, उमाशंकर राम, शरतु गांझू, पंकज कुमार सिंह, रवीन्द्र कुमार राही, शैलेश कुमार, आलेख कुमार उपस्थित थे. जिसमें शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों में एक नई चेतना जगती है एवं अंदर से झिझक हटते हैं. यह न केवल हमें मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि सभा में खड़े होकर बोलने का साहस देता है.

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रम का आयोजन



लातेहार। सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत राधे कृष्ण नगर, (गुरगु) में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से मानव जीवन न सिर्फ सुखमय वरन सार्थक भी होता है. भगवान कृष्ण कर्मयोगी थे, इस कारण वे कर्मयागियों को सबसे पहला स्थान देते हैं. उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि तुम कर्म किये जाओ, फल की चिंता मत करो. यह हमें कर्म की महत्ता और फल की चिंता न करने की शिक्षा देता है. इसका अर्थ है कि हमें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और लगन से करना चाहिए और परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए. भगवान ने गीता में कहा है कि जब जब धर्म की हानि होती है, तब तब मैं अवतार लेता हूं. श्रीकृष्ण के वचन हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं और हमें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से करने की शिक्षा देते हैं. यह विचार हमें जीवन में सकारात्मक और निस्वार्थ रूप से काम करने की प्रेरणा देता है.

## महुआडांड़ में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया



शुभम संदेश। महुआडांड़(लातेहार)

राष्ट्र का 79वां स्वतंत्रता दिवस महुआडांड प्रखंड वासीयों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया. इस अवसर पर पूर्व निर्धारित समय के अनुसार महुआडांड अनुमंडल कार्यालय एवं आवास मे अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, महुआडांड अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवास मे एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख, गांधी चौक में बीडीओ संतोष बैठा, थाना मे थाना प्रभारी मनोज कुमार, महिला थाना में महिला थाना प्रभारी सुशीला केसरी, जामा मस्जिद में सदर ईमरान खान, मदीना मस्जिद मे सदर असीम जफर, प्रादेशिक वन कार्यालय मे प्रभारी वनपाल कुंवर गंझु, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर मे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित खलखो, शास्त्री चौक मे गजेंद्र प्रसाद, अम्बेडकर चौक में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, बस स्टैंड में प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, झारक्राफ्ट में कलस्टर मैनेजर मो. सैफ के द्वारा झण्डोतोलन कर झण्डे को सलामी दी गई. वहीं इससे पूर्व भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति के साथ साथ अमर शहीदों तथा स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी जीतू किसान और मीठू किसान के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया. मौके पर अनुमंडल खेल मैदान में झांकी भी प्रस्तुत की गई जिसमें आर पी एस विद्यालय को प्रथम, संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय को द्वितीय और झारखंड बालिका आवासीय उच्च विद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जिन्हें अनुमंडलाधिकारी के द्वारा ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हेतु डॉ फ़ादर एम के जोश को, समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले इफ्तिखार अहमद, अजितपाल कुजूर, इगनेशिया गिद्ध, मुखिया उषा खलखो, सुषमा और प्रमिला मिंज को, सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी मनोज कुमार और सुशीला केशरी, पत्रकारिता के क्षेत्र में बद्री प्रसाद और तनवीर अहमद को वही कई कार्यालय कर्मी और गणमान्य व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.

## एक नजर

### दामाद ने की सास की हत्या, फिर खुद की आत्महत्या

छतरपुर/पलामू। छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में शुक्रवार को मानसिक रूप से कमजोर एक दामाद ने अपनी सास की हत्या कर दी. इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या कर ली है. पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है. दरअसल मृतका सास की पुत्री शोभा कुमारी की शादी 2021 में बिहार के औरंगाबाद के कुटुंबा थाना क्षेत्र के खेतपुरा निवासी प्रमोद कुमार के साथ हुई थी. जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार इलाज के लिए अपने ससुराल आया हुआ था. दो दिन बाद रांची ले जाने की योजना थी. घटना के समय घर में शोभा, उसकी दो छोटी बहनें, मां और प्रमोद थे. शोभा के पिता और भाई ट्रक चालक हैं तथा बाहर रहते हैं. परिजनों के अनुसार, प्रमोद की तबीयत अचानक बिगड़ी और उसने घर में रखे कुदाल से अपनी सास सुशीला देवी की हत्या कर डाली. हत्या करने के बाद वह खुद भी अपने ऊपर कुदाल और ईंट से वार कर आत्महत्या कर ली है.

### चंदनडीह से 13 वर्षीय किशोर एक महीने से लापता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह ग्राम निवासी 13 वर्षीय अखिलेश उरांव, पिता विष्णु देव उरांव पिछले एक महीने से लापता है. परिजनों के अनुसार अखिलेश 12 जुलाई को स्कूल जाने के लिए घर से निकला था लेकिन उसके बाद से वह घर नहीं लौटा. काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से पूछताछ के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है.परिवार वालों ने अब थक-हार कर पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है. पिता विष्णु देव उरांव ने बताया कि बेटे की खोज में वे हर जगह भटक चुके हैं. लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी. उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है.

### राजेंद्र साहू को सांसद व विधायक ने दी श्रद्धांजलि

बालूमाथ (लातेहार)। शहर के भामाशाह नगर में भाजपा नेता सह जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष स्व राजेंद्र प्रसाद साहू की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल होकर स्व राजेंद्र प्रसाद साहू के समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया. पं दीपक मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई गई. स्व राजेंद्र प्रसाद साहू के पुत्र रोशन कुमार साहू ने उनके चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. उपस्थित लोगों ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.

### सांसद और विधायक ने मनीषा गुप्ता को दी बधाई



बालूमाथ (लातेहार)। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह व लातेहार विधायक प्रकाश राम ने झारखंड लोकसेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित बालूमाथ की बिटिया मनीषा गुप्ता के आवास पर पहुंच कर उनके इस सफलता के लिए बधाई दी है. सांसद कालीचरण सिंह ने मनीषा गुप्ता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया. सांसद ने कहा कि कभी नक्सल घटनाओं के लिए चर्चित रहे बालूमाथ की तस्वीर होनहार बच्चों के माध्यम से बदल रही है. अब यहां के बच्चे शिक्षा के दम पर नई पहचान बना रहे हैं. लातेहार विधायक प्रकाश राम ने भी मनीषा गुप्ता के घर पहुंच कर उन्हें पुष्प भेंटकर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि बालूमाथ के माथे पर लगे धब्बे को यहां के बच्चों ने अपनी प्रतिभा के बल पर मिटाने का काम किया है.

### सांसद कालीचरण ने प्रेम प्रसाद गुप्ता को बालूमाथ प्रखंड प्रतिनिधि मनोनीत किया

बालूमाथ (लातेहार)। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने बालूमाथ प्रखंड के लिए बालूमाथ निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता को अपना सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है. सांसद कालीचरण सिंह ने शनिवार को पत्र जारी कर कर इसकी सूचना दी है. बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को लिखे पत्र में सांसद ने विकास कार्य या अन्य विभागीय बैठकों में अपनी अनुपस्थिति में प्रेम प्रसाद गुप्ता को बतौर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के लिए अधिकृत किया है. सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने पर प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस आशा और विश्वाश के साथ चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने जिम्मेदारी दी है, पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेगें. उन्होंने कहा कि सांसद कालीचरण सिंह व क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर हैं.

## अशोक स्तंभ राष्ट्रीय एकता और गौरव का प्रतीकः डीसी



**शुभम संदेश। गुमला**

नए समाहरणालय भवन परिसर में बने अशोक स्तंभ का 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुमला प्रेरणा दीक्षित ने लोकार्पण किया. इस अवसर पर उनके साथ एसपी हरीश बिन जमां, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, डीडीसी आयुक्त दिलेश्वर महतो, एसी शशिंद्र बड़ाईक, एनडीसी ललन कुमार आदि उपस्थित थे. अशोक स्तंभ का लोकार्पण अनावरण के बाद बापू के प्रतिमा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ने राष्ट्रीय तिरंगा फहराया. उपायुक्त ने अशोक स्तंभ को गौरव और एकता का प्रतीक बताया. कहा कि यह अशोक स्तंभ सिर्फ हमारे अतीत की स्मृति नहीं है, बल्कि वर्तमान और भविष्य में सत्य, निष्ठा, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का प्रेरणा प्रदान करेगा. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने शहीद स्मारक, महात्मा गांधी एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी.

### स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास मनाया गया, चमरा लिंडा ने कहा

# युवाओं को वीर सपूतों से प्रेरणा लेने की जरूरत है

**शुभम संदेश। गुमला**

गुमला जिला में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सहित जिला मुख्यालय और ग्रामीण अंचलों के सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक एवं स्वयं सेवी संगठनों, सामाजिक राजनीतिक एवं व्यवसायिक संगठनों का कार्यालयों में संस्थान के प्रमुखों ने राष्ट्रीय तिरंगा फहराया और एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी. स्कूली बच्चे, युवा आम खास हर वर्ग के लोगों में चेहरे में उत्साह और राष्ट्र भक्ति का भाव झलक रहा था. गुमला जिला का मुख्य समारोह परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हुआ जिसमें राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने ध्वजारोहण किया.



जनता को संबोधित करते हुए मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को नमन करते हुए उन्हें याद किया. कहा कि संविधान और लोकतंत्र की नींव रखने वाले वीर सपूतों के शौर्य गाथा का उल्लेख करते हुए नए पीढ़ी के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है. उन्होंने युवा छात्रों को शिक्षा, खेल और तकनीकी क्षेत्रों में अग्रणी बनने के लिए प्रेरित किया. प्रति वर्ष तीन सौ विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में आईआईटी की पढ़ाई कराने और अंतर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा अर्जित करने के लिए इंगलैंड भेजने की सरकार की योजना की जानकारी दी. उन्होंने जिले में चल रहे विकास योजना के उपलब्धियों की जानकारी देते हुए गुमला के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी.

इससे पहले मंत्री ने परेड की सलामी ली और ध्वजारोहण के बाद झारखंड आंदोलकारी, सरकार कार्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी, पुलिस के अधिकारी व जवान एवं परेड में शामिल लोगों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां, जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे.



**लोहरदगा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगतने लुथरन हाईस्कूल, महिला महाविद्यालय लोहरदगा सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में झंडोत्तोलन किया.

## एक नजर

### रातू में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**रातू।** रातू एवं इसके आसपास के क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों एवं चौक चौराहों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. मुख्य समारोह प्रखंड सह अंचल कार्यालय में संपन्न हुआ, जहां प्रखंड प्रमुख संगीता देवी ने ध्वजारोहण किया एवं तिरंगे को सलामी दी. इसके साथ ही थाना परिसर में थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कश्यप, जीसीईआरटी में परियोजना निदेशक शशि रंजन, ने ध्वजारोहण किया रातू चट्टी स्थित श्री राम बोल बेरिंग कंपनी गेट के समीप युवा नेता झामुमो के बेलाल अंसारी ने ध्वजारोहण किया एवं कहा कि अस्थाई मजदूरों का हक दिला के रहे हैं. मौके पर सभी अस्थाई मजदूर उपस्थित थे.

### बुंडू में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मना



**बुंडू।** बुंडू में स्वतंत्रा दिवस धूमधाम से मनाया गया. बुंडू धुर्वा मोड़ स्थित बिरसा मूर्ति स्थल में विधायक विकास कुमार सिंह मुंडा, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ किष्टो कुमार बेसरा, डीएसपी आवास में डीएसपी ओमप्रकाश, नगर पंचायत कार्यालय में प्रशासक शुभम पोद्दार, ब्लॉक में प्रमुख फेकला गोंझू, थाना में थानेदार इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा, साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी, बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमि में निदेशक भुवनेश्वर प्रमाणिक, भारत माता चौक में रामदुर्लभ सिंह मुंडा, बालिका उच्च विद्यालय में पार्षद कैलाश हलवाई ,सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल में प्राचार्य तराना बेगम ने झंडोत्तोलन किया. इस अवसर पर बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमि, गुरूकुल विद्यालय निकेतन, राजेन्द्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय इत्यादि के छात्र छात्राओं ने नगर में आकर्षक झांकी और प्रभातफेरी निकाली. वहीं देशभक्ति भावना से ओतप्रोत नगर में टोटो चालकों ने अपने अपने टोटो में राष्ट्रीय झंडा लगाकर शानदार रैली निकाली. जिसकी लोगों ने काफी सराहना किया.

### अधिकारियों ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी

**तमाड़।** स्वतंत्रता दिवस तमाड़ में धूमधाम के साथ मनाया गया. सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय में अधिकारी द्वारा झंडा की सलामी देकर झंडोत्तोलन किया गया. प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ, अंचल कार्यालय में सीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधारी कार्यालय में बीईईओ, सीडीपीओ कार्यालय में सीडीपीओ, थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मोदी ने झंडो की सलामी देकर झंडोत्तोलन किया. मौके पर क्षेत्र के गन्य मान्य लोग शामिल थे.

### आन, बान और शान के साथ तिरंगा लहराया

**इटकी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इटकी व आसपास के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में आन बान और शान से तिरंगा फहराया गया. इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में अधीक्षक डॉ. पीके भगत ने झंडोतोलन किया. इटकी प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख किरण उरांव, थाना परिसर में थाना प्रभारी मनीष कुमार, पंचायत सचिवालय में मुखिया रीता देवी, एसआर एकेडमी में शांति टोप्पो, एकता नगर में सैयद अफसर शाह, जेपी चौक पर हाजी मुश्ताक अहमद, जय हिंद चौक व युवा जागृति संघ में जिप सदस्य रीना देवी, विवेकानंद पब्लिक स्कूल में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, पाइन क्रेस्ट स्कूल में संजय बैठा ने ध्वजरोहण किया.

### स्वतंत्रता दिवस पर कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई. जानकारी के अनुसार डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा, प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय बचरा, नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती, न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर, होली चाइल्ड वेली स्कूल बचरा, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पुरानीराय, डीएवी पब्लिक स्कूल कल्याणपुर के अलावा कई सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

### नाबालिग के साथ गैंगरेप, तीन आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है. नाबालिग लड़की की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पीड़िता के अनुसार तीनों युवकों ने उसे घर छोड़ने का झांसा दिया और फिर बहला-फुसलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई अशोक कुमार, एएसआई निर्मल रॉय और सशस्त्र बल के जवानों ने दुष्कर्म के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के नाम रूपेश कुजूर, संदीप पासवान और चेतन पासवान हैं.

### लोहे के बोर्ड से टकरायी बाइक, युवक की मौत

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मालम नवाटोली कॉलोनी निवासी धुनेश्वर कैथवार 22 वर्ष की मौत हो गई. दुर्घटना में मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. घटना के संबंध में मृतक की मां ललिता देवी ने बताया कि धुनेश्वर कैथवार अपने मोटरसाइकिल से रात करीब एक बजे अपने घर से टिंगटांगर स्थित अपना ससुराल जा रहा था.

### पुलिस आउट पोस्ट उर्मी का डीसी ने किया उद्घाटन

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित उर्मी बायपास चौराहा के पास पुलिस आउट पोस्ट का शुक्रवार दिन के 1:00 बजे उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया. मौके पर पुलिस अधीक्षक एस डीपीओ डीएसपी थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने कहा बाईपास रोड होने से इस क्षेत्र का महत्व काफी बढ़ जाता है पुलिस आउट पोस्ट खुलने से स्थानीय लोगों के मामलों का निष्पादन यहीं से होगा उन्हें गुमला थाना नहीं जाना पड़ेगा

### खेत में मिला किसान का शव, हत्या की आशंका

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत डहुपानी पंचायत बाजार गांव में शुक्रवार की शाम जीतु राम 55 वर्ष की टांगी से मार कर हत्या किया गया. घटना की जानकारी देते हुए मृतक का पुत्र सूरज पाल राम ने बताया कि शुक्रवार शाम को दो लोग उसके घर आए थे और उसके पिता जीतु राम भगत के बारे पूछने लगे. घर वालों ने जीतु के खेत की ओर जाने की जानकारी दी गई.

### अलकतरा लदा हुआ ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

**पालकोट।** गुमला पालकोट नेशनल हाईवे के बीच बघिमा गनजई नदी के समीप एक अलकतरा लदा हुआ ट्रक असंतुलित होकर पलट गया. इस दुर्घटना से किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं है. चालक बिजय रॉय ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई. ट्रक चालक बिजय रॉय ने बताया कि ट्रक में अलकतरा लोड है. अलकतरा को राउरकेला से बंगाल ले जाया जा रहा था.

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर शोक सभा

**गुमला।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व शोक प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय सोरेन जमीनी नेता थे, जिन्होंने लंबे संघर्ष तय कर यहां तक झारखंड प्रदेश का शिक्षा मंत्री पद तक पहुंचे थे. इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों को दुख सहने की शक्ति ईश्वर प्रदान करें और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्री सिंह ने प्रार्थना की है.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शुभम संदेश। लोहरदगा**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. ध्वजारोहण विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया. भारत माता पूजन उपस्थित पदाधिकारीगण, सदस्यगण, अभिभावकों एवं आचार्यों द्वारा संपन्न हुआ. इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के संरक्षक धनंजय प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, सदस्य लखन राम, बड़की चांपी उप मुखिया हेना तिवारी, पत्रकार नंदलाल तिवारी एवं संजय चंद्र मुखर्जी, बड़की चाँपी पंचायत के वार्ड सदस्यगण, अभिभावक अलख निरंजन तिवारी, भूपाल पाठक, दुबराज वर्मा, लाल यदुवर नाथ शाहदेव एवं अन्य उपस्थित रहें. प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने मंचासिन अतिथियों का परिचय कराते हुए, सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी. भैया बहनों ने अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत भाषा में भाषण प्रस्तुत किए. भैया बहनों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीतों एवं नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति, बाल विवाह पर नाटक मंचन, पिरामिड का निर्माण इत्यादि शामिल है. सचिव यदुनंदन तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश लगातार विकास करने के साथ कई चुनौतियों का भी डटकर सामना कर रहा है. भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है. हम सबों को मिलकर देश को विकासशील से विकसित राष्ट्र के रूप में परिणत करने में सहयोग करना है. मौके पर दुबराज वर्मा ने भी जोश पूर्ण भाषण से भैया बहनों के उत्साह को बढ़ाया.

## अविराम कॉलेज में सचिव इंद्रजीत भारती ने किया ध्वजारोहण

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरु लोहरदगा में स्वतंत्रता दिवस पर सचिव इन्द्रजीत भारती द्वारा ध्वजारोहण किया गया. भारत माता की जयकार की गई जिससे समग्र वातावरण देशभक्तिमय हो गया. राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में विविध प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन किया गया. जिसमें निबंध लेखन में सीता, अलीशा प्रिया और कविता लेखन में अनुशिका, हर्षित, यशोदा और स्लोगन प्रतियोगिता में विक्रम, दीपा, सोनाली को प्रथम से तृतीय स्थान मिला. जिन्हें सचिव इन्द्रजीत भारती द्वारा पुरस्कृत किया गया. भारत माता के रूप में रोशनी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के रूप में किरन और बेला की भूमिका के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया. डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, नेहा श्वेता, डॉली, अफताब, रेणुका, संदीप शिब, तबस्सुम, जंगबहादुर, कुंदन, ममता, पवन आदि को पौधे प्रदान किए गए.



सचिव इन्द्रजीत भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्र भारत के समक्ष आज कई चुनौतियां है और आंतरिक चुनौतियां राजनीतिक कारणों से दिन प्रतिदिन बढती जा रहीं है जहा अपने ही देश की सेना का मनोबल तोड़ा जाता है जबकि सभी देशवासियों की एकमात्र पहचान भारतीय होना है और यह भाव ही सर्वोपरि होना चाहिए,देशहित और इससे जुड़े विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए क्यों के स्वतंत्रता बहुत बलिदान के परिणामस्वरूप मिली है. हम इतिहास में मात्र कुछ नाम पढ़ते हैं, परंतु अनेकों लोगों ने स्वयं को आज़ादी के लिए न्यौछावर कर दिया. कृष्ण जो प्रेम के लिए जाने जाते हैं उन्हें भी सुदर्शन चक्र चलाना पडा था और युद्ध भूमि में जाना पडा था. अतः हमे आवश्यकता हो तो शान्ति के साथ साथ अपने हितों, सत्य की रक्षा के लिए आगे आने में हिचकना नहीं चाहिए. इस अवसर पर देशभक्ति और जन्माष्टमी से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रशिक्षुओ द्वारा प्रस्तुत किए गए जिसमें कृष्ण के बाल रूप को पालना झुलाया गया, स्वीटी समूह द्वारा आज दिल पे हाथ, अनुजा समूह ने जो है अलबेला, ईशा समूह द्वारा मंगल पांडे द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम नाट्य रूपांतरण, सुधा समूह द्वारा पहलगाम हमले का जीवंत चित्रण, श्रेया, सुप्रिया समूह द्वारा कान्हा सो जा जरा पर, पल्लवी और ममता द्वारा अच्युतम केशवम पर भावपूर्ण मनमोहक प्रस्तुतियां गई. कार्यक्रम का संचालन ममता बेक द्वारा किया गया.

## कोयलांचल में धूमधाम मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शुभम संदेश। पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे स्वतत्रंता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. जानकारी के अनुसार पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे जीएम संजीव कुमार ने झण्डोतोलन किया और तिरंगे को सलामी दी. मगध-संघमित्रा महाप्रबधंक कार्यालय में जीएम नृपेन्द्रनाथ ने झण्डोतोलन किया. पिपरवार थाना में थाना प्रभारी अभय कुमार ने झण्डोतोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया. इसके अलावे अशोका मे परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह,सीएचपी परियोजना मे मैनेजर धीर प्रताप सिंह, बचरा अस्पताल मे डॉ. संजीव कुमार, बचरा



उतरी पंचायत भवन, काली मन्दिर रोड और मिडिल स्कुल और होली चाईल्ड वेली स्कुल मे मुखिया गुंजन कुमारी सिहं, बचरा दक्षिणी पंचायत भवन मे मुखिया रीना देवी, जनता मजदुर संघ के कार्यालय मे क्षेत्रिय सचिव रविद्रनाथ सिंह, युसीडब्लुयु कार्यालय मे क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा, आरकेएमयु कार्यालय मे क्षेत्रिय सचिव भीम प्रसाद मेहता, सीटु कार्यालय मे क्षेत्रिय सचिव इस्लाम अंसारी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यालय में क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह,कोलफील्ड मजदूर यूनियन में क्षेत्रीय सचिव भीम सिंह यादव, पिपरवार महाविद्यालय कारो मे रामचन्द्र उंराव, न्यु उदयन पब्लिक स्कूल मे प्रबंधक रेहाना प्रवीण,डीएवी बचरा मे जीएम संजीव कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार,सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पुरानीराय में प्राचार्य गणेश महतो, इनमोसा कार्यालय में सचिव अनिल कुवंर, बाजारटांड़ चौक शॉपिंग सेंटर में भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने झण्डोतोलन कर तिरंगे को सलामी दिया.

## हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे रामदास सोरेनः शाहिद अहमद

**शुभम संदेश। लोहरदगा**



झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अगुवा रहे संघर्ष के प्रतीक सूबे के शिक्षा मंत्री मंत्री रामदास सोरेन को गमगीन आंखों से खिराजे अकीदत पेश करते हुए अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा ने उन्हें झारखंड के इतिहास में अमिट स्तंभ बताया. सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने कहा कि दिशोम गुरु के हमराह रहे रामदास सोरेन संघर्ष के प्रतीक थे. वे हर वर्ग और समुदाय की बेहतरी के लिए लड़ने वाले नेता थे. इनका इंतकाल झारखंड राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने कहा कि वे अपने जीवन का हर लम्हा समाज के वंचित, शोषित और दबे-कुचले वर्गों की आवाज बनने में बिताया. शिक्षा, रोजगार, हक़ और सम्मान की लड़ाई में उन्होंने कभी पीछे नहीं हटे. उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष की राह दिखाता रहेगा. सचिव शाहिद अहमद बेलू ने खिराज ए अकीदत पेश करते हुए कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन के हमराह रहे रामदास सोरेन जी झारखंड आंदोलन के शिखर व्यक्तित्व थे.

### बचरा में स्वतत्रंता दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतत्रंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया. पिपरवार क्षेत्र के जीएम संजीव कुमार ने झण्डोतोलन कर तिरंगे को सलामी दिया. मौके पर मौजुद सीआईएसएफ व महिला होमगार्ड के जवानो ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया. जिसके बाद जीएम संजीव कुमार और सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेड एंव असिस्टेंट कमांडेंड ने परेड का निरीक्षण किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएम संजीव कुमार ने कहा कि पिपरवार एरिया उर्जा का मुख्य श्रोत कोयला देश को प्रदान कर राष्ट्र की सेवा कर रहा है. देश के विकास मे कोयले का अहम योगदान है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे अशोका वेस्ट खुली खदान और पिपरवार भुमिगत खदान के चालु होने से पिपरवार का उत्पादन लक्ष्य बढ़ेगा. कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना कर पिपरवार एरिया के अधिकारी एवं कर्मचारी कंपनी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं. पिपरवार एरिया को चालू वित्तीय वर्ष में साढ़े पांच मिलियन टन कोयला उत्पादन करना है. नए खदान खोलने में उन्होंने सभी से सहयोग करने की अपील की. उन्होंने पिपरवार के कारो मे संचालित 20 मेगावाट के सोलर प्लांट को सीसीएल की महत्वाकांक्षी योजना बताया.

### पिपरवार में प्राईवेट वाहन चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हुई

# जनता मजदूर संघ एनके पिपरवार क्षेत्र के कई पदाधिकारी बैठे हैं धरने पर

**शुभम संदेश। पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न परियोजना मे वाहन चलाने वाले प्राईवेट वाहन चालको का चक्का जाम हड़ताल शनिवार से शुरु हो गया है. दस सूत्री मांगो को लेकर प्राईवेट वाहन चालक जनता मजदूर संघ के बैनर तले हड़ताल पर चले गये हैं. इस दौरान स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों ने शनिवार को पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए हैं. जिसमे जनता मजदूर संघ एनके पिपरवार के कई पदाधिकारी सहित स्थानीय प्राईवेट



वाहन चालक शामिल हैं. इस दौरान वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी भी की. इस संबंध मे जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न परियोजना में वाहन चलाने वाले स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों के न्यूनतम मजदूरी सहित 10 सूत्री मांग पत्र 21 जुलाई को जनता मजदूर संघ के बैनर तले स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को दिया जा चुका है. इसके बाद सीसीएल प्रबंधन के द्वारा 28 जुलाई एवं 5 अगस्त को दो बार वाहन चालकों के साथ वार्ता की गई, लेकिन वाहन चालकों की मांगों पर कोई पहल नहीं की गई. सिर्फ आश्वासन दिया गया. जिसके कारण स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों में आक्रोश देखा जा रहा है.

वाहन चालकों की मांगों को पूरा करने के लिए अब जनता मजदूर संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है. इसके पहले चरण में पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समीप 8 अगस्त को सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन किया गया. लेकिन इसके बावजूद मांगे पूरी नहीं होने के कारण आज से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ हड़ताल शुरू कर दी गई है.

